## जैतपुर-बुढ़ार बने अवैध खनन के नए गढ़, खनिज विभाग सहमा, पुलिस पर संरक्षण के आरोप

# फर्जी टीपी के सहारे रेत का काला कारोबार

### नदियों से दिन-रात निकल रही रेत, शहडोल कार्यालय घटना के बाद माफियाओं के हौसले बुलंद

जिले में रेत खदानों का वैध ठेका न होने से अवैध खनन चरम पर पहुंच गया है। जैतपुर और बुढ़ार थाना क्षेत्र सबसे ज्यादा सुर्खियों में हैं। आरोप है कि छत्तीसगढ़ की फर्जी टीपी के सहारे दिन-रात रेत परिवहन हो रहा है। खनिज विभाग सहमा हुआ है, जबकि पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं।






शहडोल।

जिले में वैध रेत खदानों के संचालन पर ठहराव का सीधा फायदा खनिज माफिया उठा रहे हैं। हालत यह है कि लगभग सभी थाना क्षेत्रों में अवैध रेत खनन और परिवहन खुलेआम जारी है। सबसे ज्यादा चर्चा इन दिनों जैतपुर और बुढ़ार क्षेत्र की हो रही है, जहां प्रमुख और सहायक नदियों से भारी मात्रा में रेत निकाली जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात ही नहीं, दिन के समय भी ट्रैक्टर, डंपर और अन्य वाहनों से रेत ढुलाई लगातार हो रही है।जैतपुर की कुनुक नदी पर सबसे ज्यादा दबावकरीब एक माह से जैतपुर थाना क्षेत्र अवैध खनन का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। यहां कुनुक नदी से बड़े पैमाने पर रेत निकाले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। गोहपारू क्षेत्र में भी इसी नदी से लगातार उत्खनन होने की चर्चा है। सूत्रों के मुताबिक कुछ स्थानीय नामचीन लोगों के संरक्षण में यह कारोबार संचालित हो रहा है। खैरहनी सहित आसपास के इलाकों से भी लगातार रेत परिवहन की सूचनाएं मिल रही हैं।बुढार में सोन और कसेढ़ नदी निशाने परबुढार क्षेत्र लंबे समय से अवैध रेत कारोबार का हब माना जाता रहा है। यहां सोन नदी और कसेढ़ नदी से लगातार उत्खनन की खबरें सामने आती रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई समूहों द्वारा ट्रैक्टरों और बड़े वाहनों से रेत निकाली जा रही है। अमलाई और बकहो क्षेत्र भी इस अवैध नेटवर्क से अछूते नहीं हैं, जहां से छोटे वाहनों के जरिए रेत सप्लाई की जा रही है।छत्तीसगढ़ की फर्जी टीपी से खेलखनिज माफियाओं ने कार्रवाई से बचने के लिए नया तरीका अपनाया है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के मलगा डोल क्षेत्र से फर्जी ट्रांजिट पास तैयार कराए जा रहे हैं। एक टीपी लाकर उसका कई बार उपयोग किया जाता है।अलग-अलग स्थानों पर अवैध भंडारण बनाकर रेत जमा की जाती है और जैसे ही विभागीय हलचल की सूचना मिलती है, वहां से माल दूसरी जगह पलट दिया जाता है। इससे जांच एजेंसियों को पकड़ना मुश्किल हो रहा है।खनिज विभाग पर दबाव, कार्रवाई सुस्तखनिज विभाग बीच-बीच में प्रयास करता है, लेकिन हालिया घटनाओं के बाद अमला दबाव में है। जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में हुई धमकाने की घटना के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों में भय का माहौल बताया जा रहा है। पहले टीम मौके पर पहुंचती थी तो वाहन चालक भाग जाते थे या रेत पलटकर निकल जाते थे, लेकिन अब माफिया सीधे कार्यालय तक पहुंचकर दबाव बनाने लगे हैं।पुलिस की भूमिका पर उठे सवालगोहपारू, बुढार, अमलाई, जैतपुर और केशवाही सहित कई थाना क्षेत्रों की पुलिस पर भी संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं। हालांकि पुलिस अधीक्षक स्तर से अवैध खनन और परिवहन पर सख्ती के निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन जमीन पर उसका असर नजर नहीं आ रहा। उल्टा, स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने से माफियाओं के हौसले और बढ़ते दिखाई दे रहे हैं।पुरानी घटनाओं से नहीं लिया सबक, बढ़ा खतरायदि समय रहते संयुक्त अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में जिले ही नहीं, आसपास के क्षेत्रों में भी अवैध खनन का नेटवर्क और मजबूत हो सकता है। नदियों का अस्तित्व, पर्यावरण संतुलन और शासन को मिलने वाला राजस्व—तीनों पर इसका सीधा खतरा मंडरा रहा है। क्षेत्र में पहले भी अवैध खनन से जुड़े विवादों के बीच एक पटवारी और एक एएसआई की जान जा चुकी है, लेकिन इन घटनाओं से भी कोई ठोस सबक लिया जाता नहीं दिख रहा। इसके बाद खनिज विभाग कार्यालय में घुसकर धमकाने जैसी घटना ने माफियाओं के बढ़ते दुस्साहस को उजागर कर दिया है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद प्रभावी कार्रवाई का अभाव गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।भाजपा नेताओं की चुप्पी पर सवालइस पूरे मामले में जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। खासकर सत्तारूढ़ भाजपा के बड़े नेता मौन साधे बैठे हैं, जबकि स्थानीय स्तर पर भाजपा के कुछ जमीनी कार्यकर्ताओं, मंडल नेताओं और पदाधिकारियों के नाम भी इस कारोबार से जोड़े जा रहे हैं। यदि राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक शिथिलता पर अंकुश नहीं लगा, तो हालात और विकराल हो सकते हैं।

## सड़क हादसे में घायलों के बीच पहुंचीं सांसद, मौके पर ही संभाली कमान

### सीएमएचओ को फोन कर दिए सख्त निर्देश, एंबुलेंस पहुंचते ही घायलों को कराया अस्पताल रवाना



शहडोल।

जिले के शहडोल-बुढार मार्ग स्थित नेशनल हाईवे-43 पर एक सड़क हादसे के बाद मानवीय संवेदनाओं की मिसाल उस वक्त देखने को मिली, जब सांसद हिमाद्री सिंह ने अपने काफिले को रुकवाकर घायलों की मदद के लिए खुद मोर्चा संभाल लिया।जानकारी के अनुसार, सांसद हिमाद्री सिंह एक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने गृहग्राम अनूपपुर लौट रही थीं। इसी दौरान किया शोरूम के समीप सड़क हादसा दिखाई देने पर उन्होंने तुरंत वाहन रुकवाया और बिना देर किए घटनास्थल पर पहुंच गईं।हादसे में गोडारु गांव के कई ग्रामीण घायल होकर सड़क किनारे पड़े थे और मदद का इंतजार कर रहे थे। स्थिति को गंभीर देखते हुए सांसद ने घायलों के बीच पहुंचकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने घायल महिलाओं और बच्चों को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।मौके पर ही सांसद ने सक्रियता दिखाते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फोन लगाया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से बात कर स्पष्ट निर्देश दिए कि घायलों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी न हो। सांसद के सख्त निर्देशों का असर तुरंत दिखाई दिया और कुछ ही देर में एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई।इसके बाद सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका उपचार शुरू कराया गया। सांसद की मौजूदगी और त्वरित कार्रवाई से प्रशासनिक अमले में भी तेजी देखने को मिली।स्थानीय लोगों ने सांसद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अक्सर वीआईपी काफिले हादसों को नजरअंदाज कर आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन इस घटना में सांसद ने संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय दिया है।

## प्राथमिक शिक्षकों को क्रमोन्नति, वर्षों से लंबित प्रकरणों को मिली राहत

### 311 को प्रथम, 145 को द्वितीय क्रमोन्नति; तीन प्रकरण फिलहाल लंबित



शहडोल।

जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिले के प्राथमिक शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए 459 शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ प्रदान किया गया है। यह निर्णय संभागीय उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित क्रमोन्नति समिति की बैठक में लिया गया।उपायुक्त श्री जे.पी. यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में कुल 462 प्राथमिक शिक्षकों के प्रकरणों पर विचार किया गया। इनमें से 459 शिक्षक क्रमोन्नति के लिए पात्र पाए गए, जिन्हें नियमानुसार लाभ प्रदान किया गया।जारी सूची के अनुसार, 311 शिक्षकों को प्रथम क्रमोन्नति तथा 145 शिक्षकों को द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ मिला है। इस निर्णय से लंबे समय से प्रतीक्षित शिक्षकों को राहत मिलने के साथ ही उनके वेतन एवं सेवा लाभों में भी वृद्धि होगी।वहीं, एक शिक्षक का मामला विभागीय जांच लंबित होने के कारण स्थगित रखा गया है। इसके अलावा दो शिक्षकों की गोपनीय चरित्रावली पूर्ण न होने से उनके प्रकरणों पर निर्णय नहीं लिया जा सका। अधिकारियों ने बताया कि आवश्यक दस्तावेज पूर्ण होते ही इन मामलों को अगली बैठक में शामिल कर निर्णय लिया जाएगा।क्रमोन्नति समिति की बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शिता और नियमानुसार संपन्न किया गया, जिससे शिक्षकों में संतोष का माहौल देखा जा रहा है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भाजपा की प्रेस वार्ता, विपक्ष पर साधा निशाना, सांसद बोलीं विधेयक रोकना 70 करोड़ महिलाओं का अपमान, विधायक ने गिनाए सरकार के कदम

शहडोल।




नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा बुधवार को संभागीय मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान सांसद हिमाद्री सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक मनीषा सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार किया।पत्रकार वार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने किया।महिलाओं के अधिकारों से खिलवाड़–सांसद सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि संसद में हालिया घटनाक्रम केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने 131वें संविधान संशोधन विधेयक को रोककर अपनी महिला विरोधी मानसिकता उजागर की है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित अन्य दलों ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण की दिशा में बढ़ते कदम को बाधित कर करोड़ों महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया है।महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध–विधायक विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि उसने महिला हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों का विरोध किया है। उन्होंने शाहबानो प्रकरण, तीन तलाक और अनुच्छेद 370 जैसे विषयों का उल्लेख करते हुए कहा कि विपक्ष की सोच महिलाओं के अधिकारों के प्रति सकारात्मक नहीं रही है।विपक्ष की मानसिकता उजागर–जिलाध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल महिलाओं के मुद्दों पर केवल राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को देवी स्वरूप माना गया है, ऐसे में महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा और रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं, जिनमें तीन तलाक से मुक्ति, शौचालय निर्माण, बैंक खातों का विस्तार और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार शामिल हैं।महिला आरक्षण को लेकर जारी रहेगा अभियाननेताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल संसद का विषय नहीं रहेगा, बल्कि इसे जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि देश की महिलाएं इस मुद्दे को समझ रही हैं और भविष्य में इसका जवाब देंगी। पत्रकार वार्ता में पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## बस - कार की आमने-सामने टक्कर, कार के उड़े परखच्चे; दो गंभीर

**शहडोल**।जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे ने सनसनी फैला दी। सेमरा गांव स्थित सिद्ध बाबा के पास तेज रफ्तार यात्री बस और कार के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी



कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और इंजन के परखच्चे उड़ गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, रीवा से शहडोल की ओर आ रही दीपक बस सर्विस और शहडोल से रीवा जा रही एक कार के बीच यह दुर्घटना हुई। कार में चार लोग सवार थे, जिनमें से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य को मामूली चोटें आईं।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहपारू पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बस में सवार कुछ यात्रियों को भी हल्की चोटें आईं, जबकि कई लोग हादसे के बाद सहम गए।सूचना मिलते ही गोहपारू पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर वाहनों को हटवाया और यातायात बहाल कराया।

## स्मैक नेटवर्क पर पुलिस की फिर बड़ी कार्रवाई, 2 तस्कर गिरफ्तार

### 16.41 ग्राम हेरोइन, नकदी व मोबाइल जब्त; हालिया मामलों से संगठित नेटवर्क के संकेत

शहडोल।



जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में ब्यौहारी थाना पुलिस ने एक बार फिर कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ब्यौहारी बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स के पास दो युवक अवैध मादक पदार्थ बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपियों की पहचान शिवकुमार यादव निवासी ग्राम नरवार, उमरिया और पवन नामदेव निवासी पुरानी बस्ती, शहडोल के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 16.41 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा 1500 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पहले भी हो चुकी है बड़ी कार्रवाईगौरतलब है कि हाल ही में जयसिंहनगर पुलिस ने भी एक अन्य मामले में बस के जरिए लाई जा रही स्मैक के साथ एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उस कार्रवाई में भी नशे के संगठित नेटवर्क के संकेत मिले थे, जिसमें एक महिला तस्कर सप्लाई चेन में सक्रिय भूमिका निभा रही थी।संगठित रूप ले रहा नशे का कारोबारलगातार हो रही इन कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि शहडोल संभाग में स्मैक तस्करी का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। बाहरी क्षेत्रों से सप्लाई होकर यह नशा स्थानीय स्तर तक पहुंच रहा है, जिससे युवाओं में इसकी पकड़ बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### चलती स्कॉर्पियो में लगी भीषण आग



**शहडोल**। जिले में भीषण गर्मी के बीच बुधवार तड़के एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब देवलोंद थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदन माता मंदिर के पास चलती स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। वाहन में सवार पांच लोग समय रहते बाहर निकल गए, जिससे जनहानि टल गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो वाहन चंदन माता क्षेत्र से गुजर रहा था। इसी दौरान अचानक वाहन के बोनट से धुआं निकलने लगा। स्थिति भांपते हुए चालक ने तुरंत वाहन की रफ्तार कम की और उसे सड़क किनारे खड़ा कर दिया। चालक की तत्परता के चलते सभी सवारियों को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया।कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी स्कॉर्पियो लपटों में घिर गई। देखते ही देखते वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।सूचना मिलते ही देवलोंद पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था।

### महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन



**जयसिंहनगर**। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर में बुधवार को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय ओपन कैंपस रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात एपीएम एचआर प्राइवेट लिमिटेड के सलाहकार अमोल शिंदे का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।कार्यक्रम के दौरान अमोल शिंदे ने छात्र-छात्राओं को रोजगार के लिए आवश्यक योग्यता, चयन प्रक्रिया, मानदेय एवं कंपनियों द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उनके प्रश्नों और शंकाओं का समाधान भी किया।रोजगार मेले में वी-मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड, एंड्यूरेंस टेक्नोलॉजी लिमिटेड तथा सेंसर इंजीनियरिंग लिमिटेड उमरगांव, बलसाड़, गुजरात जैसी कंपनियों द्वारा अप्रेंटिस ट्रेनिंग-ट्रेनी ऑपरेटर पद के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. द्विवेदी ने विद्यार्थियों को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हुए इसे करियर निर्माण की जबलपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया और चयन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई।इस आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. उत्तम सिंह, प्रो. गजेंद्र परते, डॉ. लवकुश दीपेंद्र, डॉ. यदुवीर मिश्रा, डॉ. अर्चना जायसवाल, डॉ. मुनौवर अली, डॉ. रागिनी गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी दिलीप शुक्ला, डॉ. जसीम अहमद सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. शुभांगी गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आर्या पब्लिक स्कूल में निःशुल्क पुस्तकों का वितरण



**जयसिंहनगर**।शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए आर्या पब्लिक स्कूल, द्वारा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है। इस निर्णय से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम होने के साथ ही विद्यालय में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।जानकारी के अनुसार, विद्यालय के चेयरमैन ध्रुव सेन सिंह चौहान ने अभिभावकों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत नवप्रवेशित एवं पूर्व से अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस पहल की शुरुआत चेयरमैन ध्रुव सेन सिंह चौहान एवं संचालिका मधुलिका सिंह द्वारा की गई।विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि निजी संस्थानों में पढ़ाई के दौरान पुस्तकों का खर्च कई अभिभावकों के लिए चुनौती बन जाता है।

### आज बुढ़ार पहुंचेंगे अजय सिंह राहुल

**शहडोल**। पूर्व नेता प्रतिपक्ष मध्यप्रदेश शासन एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल आज बुढ़ार-धनपुरी दौरे पर पहुंचेंगे। उनके साथ मध्यप्रदेश कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों एवं विभागों के प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान भी मौजूद रहेंगे। दौरे को लेकर क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढ़ार द्वारा



सुबह 9 बजे अमलाई चौक में स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात का कार्यक्रम हनुमान खंडेलवाल के निवास पर तथा सामान्य कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम बलमीत सिंह खनूजा के निवास पर आयोजित किया गया है।ब्लॉक अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में यह पहला बड़ा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। वे वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन, कनिष्ठ कार्यकर्ताओं और युवाओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाईपास कालोनी शहडोल स्थित एल.आई.जी. द्वितीय भूखण्ड क्रमांक 327 श्री रामचन्द्र नामदेव पिता स्व. श्री रामनाथ नामदेव वार्ड नं. 32 न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी बाईपास रोड शहडोल के नाम आवंटित किया गया था। उक्त भूखण्ड को मण्डल द्वारा दिनांक 18.12.2015 को विक्रय विलेख निष्पादित करा दिया गया था। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड श्रीमती हिना कौशर पत्नी श्री बिलाल खांन वार्ड नं. 03 मोहनपरी, रामपुरी जिला उमरिया के पक्ष में विक्रय कर दिनांक 20.02.2023 को विक्रय विलेख निष्पादित करा दिया गया था जिसके नामांतरण हेतु श्रीमती हिना कौशर द्वारा शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र के साथ आनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो विचाराधीन है। अत: उपरोक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, वारिस या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो ठोस प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विज्ञाप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा एल.आई.जी. द्वितीय भूखण्ड क्रमांक 327 श्रीमती हिना कौशर पत्नी श्री बिलाल खांन वार्ड नं. 03 मोहनपुरी, रामपुरी जिला उमरिया के नाम कर दिया जावेगा। तथा बाद में प्रस्तुत किसी भी दावा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग शहडोल

**खबर संक्षेप**



## अक्षय तृतीयाः बच्चों में गुड्डे गुड़या के विवाह को लेकर देखा गया उत्साह

कोतमा। अक्षय तृतीया के अवसर पर कोतमा नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के बच्चों में गुड्डे गुड़ियों के विवाह को लेकर उत्साह देखा गया। नगर में जगह जगह बच्चों के द्वारा गुड्डे गुड़ियों का प्रतीकात्मक विवाह रचाया गया। जिस दौरान बच्चों के द्वारा मंडली बनाकर मंदिर से बारात निकाली गई। घंटी व बर्तन को बजाते हुए बारात विवाह वाले घर तक पहुंची। बच्चों ने अपने अपने घरों से लाए व्यंजनों का आपस में एक दूसरे को खिलाते हुए पार्टी मनाई। विदित रहे कि अक्षय तृतीया के दिन को विशेष विवाह मुहूर्त माना जाता है जिस दिन बगैर मुहूर्त के ही विवाह होता है। अक्षिता ताम्रकार, वानशी, शानवी, गौरी, अनन्या, अर्जित आदि बच्चों ने बताया कि उन्होंने दो दिन से तैयारी में लगे रहे। बाजार से सुंदर गुड्डे गुड़ियों को खरीद कर छोटा सा मंडप सजाया जिसमें आम के लकड़ी व पत्तों से मंडप सजाने के बाद दिनभर विवाह की तैयारी में जुटे रहे। शाम को सामने छोटी मंदिर से बाजे के साथ बारात लेकर घर में शामिल हुए। बारात में बच्चे जमकर झूमते नाचते रहे। शादी के बाद सभी बच्चों ने एक साथ बैठकर पार्टी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन हेतु "श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम" लागू

अनूपपुर। श्रम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य के श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए "श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम" लागू किया गया है। यह प्रणाली श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों के लिए शुरू की गई है। यह एक स्व-मूल्यांकन आधारित, निष्पक्ष एवं स्वचालित प्रणाली है, जिसके माध्यम से संस्थानों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर उनके श्रम कानूनों के अनुपालन स्तर का मूल्यांकन कर उन्हें स्टार रेटिंग प्रदान की जाती है। इस प्रणाली के माध्यम से श्रम कानूनों के प्रभावी पालन को प्रोत्साहन मिल रहा है तथा अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाया गया है। इसके परिणामस्वरूप कार्य संस्कृति में सुधार, श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार तथा संस्थानों के मध्य सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला है। श्रम विभाग ने राज्य के सभी संबंधित संस्थानों, प्रतिष्ठानों एवं कारखानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस प्रणाली का लाभ उठाते हुए "श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम" का उपयोग करें तथा अपने संस्थानों में श्रम कानूनों के अनुपालन को सुदृढ़ बनाएं।

## तीसरी संतान के नियम पर उठे सवाल, सहायक शिक्षिका का मामला गरमाया

**आरटीआई में जानकारी न मिलने से बढ़ा विवाद, निष्पक्ष जांच की मांग तेज**

शहडोल। जिले के जयसिंहनगर विकासखंड में पदस्थ एक सहायक शिक्षिका को लेकर नियमों के पालन पर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि मध्यप्रदेश शासन के "तीसरी संतान" संबंधी प्रावधानों के बावजूद संबंधित शिक्षिका सेवा में बनी हुई हैं, जिससे मामला चर्चा का विषय बन गया है।दस्तावेजों से उभरे सवालमामले में सामने आए दस्तावेजों के अनुसार, एक स्कूल द्वारा जारी प्रमाण पत्र में विवेक तिवारी नामक छात्र की जन्मतिथि 07 दिसंबर 2002 दर्ज है, जिसमें माता के रूप में उक्त शिक्षिका का नाम उल्लेखित है। वहीं समग्र पोर्टल पर उपलब्ध परिवार विवरण में भी संबंधित नाम दर्ज बताया जा रहा है।शिकायतकर्ता का कहना है कि यह तीसरी नहीं बल्कि चौथी संतान का मामला है, और चौथे बच्चे का जन्म 26 जनवरी 2001 के बाद हुआ है। ऐसे में नियमों के अनुसार सेवा में बने रहना प्रश्नों के घेरे में आता है।आरटीआई पर विभाग की चुप्पीसूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी को विभाग द्वारा "व्यक्तिगत जानकारी" बताते हुए उपलब्ध नहीं कराया गया। इस पर सवाल उठ रहे हैं कि जब मामला शासकीय सेवा से जुड़ा है, तो पारदर्शिता क्यों नहीं बरती जा रही। जानकारों का मानना है कि सेवा संबंधी मामलों में आवश्यक जानकारी सार्वजनिक हित में साझा की जानी चाहिए।जांच की उठी मांगशिकायतकर्ता ने उच्च अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि शासन की नीतियों के प्रति लापरवाही भी दर्शाता है।

## हनुमान धारा बन सकता है धनपुरी का नया पिकनिक स्पॉट

# शहर के बीचों-बीच छिपा प्राकृतिक खजाना









**प्राकृतिक झिरिया , प्राचीन देवस्थान और पर्यटन संभावनास्थानीय लोगों ने संभाली जिम्मेदारी, अब प्रशासनिक पहल का इंतजार**

धनपुरी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 5 स्थित हनुमान धारा क्षेत्र इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। प्राकृतिक जल स्रोत, दशकों पुराने मंदिर, चारों ओर हरियाली और शांति से भरपूर यह स्थान अब स्थानीय नागरिकों के प्रयासों से नया स्वरूप ले रहा है और पिकनिक स्पॉट बनने की दिशा में बढ़ रहा है।



शहडोल।

जिले की धनपुरी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 05 में स्थित हनुमान धारा क्षेत्र आज भी प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और पर्यटन संभावना का अनोखा संगम प्रस्तुत करता है। नगर के हृदय स्थल में स्थित यह क्षेत्र एक ओर पूरे धनपुरी नगर, दूसरी ओर बुढार नगर तथा तीसरी दिशा में धनपुरी नंबर 3 और अमलाई क्षेत्र से घिरा हुआ है। घने पेड़ों, झाड़ियों और जंगल के बीच बसा यह स्थान नगर पालिका सीमा में होने के बावजूद अब तक उपेक्षा का शिकार रहा है। यहां स्थित प्राकृतिक जल स्रोत, जिसे स्थानीय लोग हनुमान धारा के नाम से जानते हैं, वर्षों से लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। बताया जाता है कि कई दशक पहले इसी क्षेत्र के आदिवासी युवक धनवा बैगा ने यहां एक छोटा मंदिर बनाकर पूजा-अर्चना शुरू की थी। धीरे-धीरे लोगों की आस्था बढ़ी और यह स्थान देवस्थान के रूप में पहचाना जाने लगा। मंदिर के समीप चट्टानों के बीच से निकलने वाला स्वच्छ जल आज भी लोगों को आश्चर्यचकित करता है। अप्रैल की भीषण गर्मी में भी यहां 24 घंटे लगातार पानी बहता रहता है।स्थानीय लोगों का मानना है कि इस जल में प्राकृतिक खनिज, कैल्शियम और औषधीय गुण मौजूद हैं। लंबे समय से यहां आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि इस जल के सेवन से कई प्रकार की परेशानियों में राहत मिलती है। शुद्धता और प्राकृतिक स्वाद के कारण लोग इस जल को प्रसाद स्वरूप ग्रहण करते हैं।बीते कुछ महीनों में यह स्थान फिर से चर्चा में आया है। वार्ड क्रमांक 05 के कई जागरूक नागरिक प्रतिदिन सुबह यहां पहुंचकर योग, ध्यान और साफ-सफाई अभियान चला रहे हैं। पूर्व पार्षद दीपक राय, जीतू छाबड़ा, मुन्ना भैया, राजकुमार विश्वकर्मा, बृजेश शुक्ला, एसपी सिंह, ऋषि शुक्ला सहित अन्य लोग यहां नियमित पहुंचते हैं।पूर्व पार्षद दीपक राय ने कहा कि यह क्षेत्र धनपुरी की धरोहर है। यहां बगल से गुजर रहे पुराने नरगड़ा नाला का संरक्षण किया जाए, स्टॉप डैम बनाया जाए और जल शुद्धिकरण की व्यवस्था हो तो यह क्षेत्र और विकसित हो सकता है। इससे भूजल स्तर भी बढ़ेगा और शहर को सुंदर पर्यटन स्थल मिलेगा।जीतू छाबड़ा ने बताया कि सुबह-सुबह यहां योग करना अलग ही आनंद देता है। चारों तरफ हरियाली, पक्षियों की चहचहाहट और मंदिर परिसर की शांति मन को सुकून देती है। यदि सड़क और मूलभूत सुविधाएं विकसित हों तो यह क्षेत्र बड़ी पहचान बना सकता है।अधिवक्ता बृजेश शुक्ला ने बताया कि लोग दूर-दूर पिकनिक मनाने जाते हैं, जबकि शहर के बीच ऐसा सुंदर स्थान मौजूद है, जिसकी जानकारी बहुत कम लोगों को है। पहुंच मार्ग कच्चा जरूर है, लेकिन चार पहिया वाहन आसानी से पहुंच सकते हैं। थोड़े विकास कार्य से यह शानदार पिकनिक स्पॉट बन सकता है।कांग्रेस नेता सूर्य प्रताप सिंह कहते है कि यहां बहने वाले नाले पर स्टॉप डैम बनाकर पानी रोका जाए तो भविष्य में बोटिंग जैसी गतिविधियों की भी संभावना है। नाले के दोनों किनारों पर सीढ़ियां और बैठने की व्यवस्था बने तो परिवारों के लिए आकर्षक स्थल तैयार हो सकता है।राजकुमार विश्वकर्मा का योगदान यहां विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वे बिना किसी सरकारी सहयोग या नियुक्ति के स्वप्रेरणा से नियमित साफ-सफाई करते हैं। मंदिर परिसर और आसपास की स्वच्छता की जिम्मेदारी उन्होंने अपने कंधों पर उठा रखी है। स्थानीय लोग मानते हैं कि उनके प्रयासों से ही यह स्थान फिर से संवरने लगा है।अधिवक्ता व स्थानीय वार्डवासी ऋषि शुक्ला ने कहा कि युवाओं को ऐसे प्राकृतिक स्थलों से जुड़ना चाहिए। यहां योग, ध्यान और सामाजिक सहयोग की भावना विकसित होती है। वहीं एसपी सिंह ने कहा कि नगर पालिका और प्रशासन यदि थोड़ा ध्यान दे दें तो यह स्थान पूरे क्षेत्र की पहचान बन सकता है।उल्लेखनीय है कि धनपुरी नगर पालिका द्वारा जल गंगा संवर्धन योजना के तहत यहां कुछ कार्य कराए गए हैं। जल स्रोत के आसपास सीमेंटकरण, सौंदर्यीकरण और रंगरोगन के बाद यह क्षेत्र धीरे-धीरे लोगों को आकर्षित कर रहा है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सड़क, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा, जल संरक्षण और सुरक्षा इंतजाम कर दिए जाएं तो हनुमान धारा आने वाले समय में धनपुरी का प्रमुख धार्मिक, प्राकृतिक और पिकनिक केंद्र बन सकता है। शहर के बीच बसा यह अनमोल स्थल अब बस प्रशासनिक पहल का इंतजार कर रहा है।



## युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की दौड़ अंतिम दौर में, भाजपा में नामों पर मंथन तेज

उमरिया। भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद को लेकर मंथन अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। प्रदेश स्तर पर घोषणा से पहले ही दावेदारों के नामों को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती दौर में जो युवा खुद को इस दौड़ में सबसे आगे मान रहे थे, वे अब धीरे-धीरे पीछे होते नजर आ रहे हैं। बदलते समीकरणों के बीच कई दावेदारों की दावेदारी कमजोर पड़ती दिख रही है, जिससे नए नामों के उभरने की संभावना बढ़ गई है।बताया जा रहा है कि स्थानीय संगठन द्वारा संभावित नामों का पैनल बनाकर प्रदेश नेतृत्व को भेज दिया गया है। हालांकि, यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि अंतिम निर्णय संगठनात्मक प्रक्रिया के तहत पैनल से होगा या फिर पूर्व की तरह किसी नए चेहरे पर सहमति बनाकर सभी को चौंकाया जाएगा।इन नामों की चर्चा तेजसूत्रों के अनुसार पैनल में जिन नामों की चर्चा सबसे ज्यादा है, उनमें सौरभ पयासी , मनीष सिंह बघेल और विपिन तिवारी प्रमुख हैं। हालांकि इन नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।चौंका सकती है पार्टीराजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा में अंतिम समय में नए चेहरे को मौका देने की परंपरा रही है। इसी क्रम में एक और नाम तेजी से चर्चा में है, जिसमें संघ पृष्ठभूमि से जुड़े चंद्रभान साहू का नाम भी सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि वे पूर्व में संगठन में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं और उनके पक्ष में अंदरूनी समर्थन भी बन रहा है।वहीं, एक पूर्व पदाधिकारी के नाम पर भी स्थानीय स्तर पर जोर लगाया जा रहा है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी स्थानीय संगठन के पैनल, जनप्रतिनिधियों की पसंद या संगठनात्मक समीकरणों के आधार पर किस नाम पर अंतिम मुहर लगाती है।अब सबकी नजर प्रदेश नेतृत्व की घोषणा पर टिकी है, जिससे स्पष्ट होगा कि युवा मोर्चा की कमान किसे सौंपी जाएगी।

## कलेक्टर ने किया उद्घाटन, विद्यार्थियों को पढ़ने की आदत अपनाने का संदेश

# तीन दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ







उमरिया।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने विभिन्न पुस्तक स्टॉलों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया।कलेक्टर श्रीमती सहाय ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकें जीवन की सच्ची मार्गदर्शक होती हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकें ज्ञान, सोच और व्यक्तित्व विकास का सर्वोत्तम माध्यम हैं। आज के डिजिटल दौर में भी यदि विद्यार्थी स्वयं को आगे रखना चाहते हैं, तो उन्हें पुस्तकों से जुड़ना जरूरी है। उन्होंने छात्रों को प्रतिदिन पाठ्यक्रम से अलग भी कुछ पढ़ने की आदत विकसित करने की सलाह दी।उन्होंने आगे कहा कि किताबें केवल परीक्षा पास करने का साधन नहीं, बल्कि सोचने-समझने की क्षमता विकसित करने का मजबूत आधार हैं। जो विद्यार्थी पढ़ने की आदत डाल लेते हैं, वे आत्मविश्वासी बनते हैं और जीवन की चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर पाते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को उन्होंने निरंतर अध्ययन, अनुशासन और सही मार्गदर्शन को सफलता की कुंजी बताया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह ने कहा कि पुस्तक मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना है, ताकि वे उचित मूल्य पर आवश्यक पुस्तकें प्राप्त कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ अन्य ज्ञानवर्धक साहित्य पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया।जिला जनसंपर्क अधिकारी अरूणेंद्र सिंह ने भी पुस्तक पढ़ने की आदत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन को और व्यापक रूप दिया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें।पुस्तक मेले में अग्रवाल पुस्तक भंडार, गोपाल पुस्तक भंडार, स्टूडेंट पुस्तक भंडार, बेटू पुस्तक भंडार, राहुल पुस्तक भंडार और अन्नपूर्णा पुस्तक भंडार द्वारा विभिन्न विषयों की पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। कलेक्टर सहित उपस्थित विद्यार्थियों ने स्टॉलों का अवलोकन किया और पुस्तकों में विशेष रुचि दिखाई।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री मरावी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सिंह गहलोत द्वारा किया गया।

## आदि गुरु भगवान शंकराचार्य जी की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

# आध्यात्मिक उल्लास से गूंजा पूरा नगर




हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पावन तीर्थ नगरी अमरकंटक में संत परंपरा की गरिमा और सनातन संस्कृति की दिव्यता उस समय सजीव हो उठी, जब अमरकंटक संत मंडल के तत्वावधान में आदि गुरु भगवान शंकराचार्य जी की 1238वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर श्री नर्मदा मंदिर, अमरकंटक से प्रारंभ होकर संपूर्ण नगर में एक भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में सैकड़ों संत-महात्मा, साधु-संन्यासी, पुजारीगण एवं श्रद्धालु भक्तजन भगवा ध्वज और जयघोष के साथ शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती यह शोभायात्रा श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिक चेतना का अनुपम संगम प्रस्तुत कर रही थी। "हर हर शंकर" और "जय आदि गुरु शंकराचार्य" के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर अनेक प्रतिष्ठित संतों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की महत्ता को और भी बढ़ा दिया। प्रमुख रूप से अग्नि पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी रामकृष्णानंद जी महाराज (श्री मार्कंडेय आश्रम), स्वामी लवलीन महाराज (धारकुंडी आश्रम, अमरकंटक), स्वामी नर्मदानंद जी महाराज (गीता स्वाध्याय आश्रम, अमरकंटक), स्वामी नर्मदानंद जी महाराज (श्री शंकराचार्य आश्रम, अमरकंटक) तथा श्री नर्मदा मंदिर, अमरकंटक के पुजारी पंडित उमेश द्विवेदी सहित अन्य विभिन्न आश्रमों के संत-महात्मा एवं पुजारीगण उपस्थित रहे। संतों ने अपने उद्बोधन में आदि गुरु शंकराचार्य जी के अद्वैत वेदांत के संदेश, सनातन धर्म के पुनरुत्थान में उनके अद्वितीय योगदान एवं समाज को एक सूत्र में बांधने की प्रेरणा को स्मरण कराया। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी का जीवन त्याग, तप और ज्ञान का अनुपम उदाहरण है, जो आज भी समाज को दिशा प्रदान करता है। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सहभागिता सराहनीय रही। नगरवासियों ने भी जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। यह शोभायात्रा न केवल एक धार्मिक आयोजन रही, बल्कि सनातन संस्कृति के गौरव और एकता का सशक्त संदेश भी बनकर उभरी।



## पीएम श्री स्कूल भालूमाड़ा के दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।

पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल भालूमाडॉ में दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी गई। स्कूल परिसर में आयोजित छात्र-छात्रा सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल पसान अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, भाजपा महामंत्री अजय यादव, वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी सुरेश शर्मा, प्राचार्य सतीश सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र उपस्थित रहे। स्कूल के प्राचार्य सतीश सिंह ने बताया कि वर्ष 2025-26 में कक्षा दसवीं में कुल 36 छात्र थे जिनमें एक छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहा कुल 35 छात्रों में एक छात्र सफल नहीं हो सका बाकी 34 छात्रों ने परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए स्कूल का परीक्षाफल 97.14 प्रतिशत रहा जो कि अभी तक का सबसे बेहतर परीक्षा फल रहा 34 उत्तीर्ण छात्रों में 21 छात्र प्रथम श्रेणी 13 छात्र द्वितीय श्रेणी में सफल हुए, स्कूल में प्रथम स्थान में छात्र ऋतिक रजक 85 प्रतिशत, द्वितीय स्थान साजिद खान 84 प्रतिशत, तृतीय स्थान छात्र रीता केवट 81 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए, माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल में पूरे प्रदेश में अनूपपुर जिला 93 प्रतिशत के साथ अब्बल रहा है वहीं पूरे जिले के शासकीय स्कूलों में बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम भी सबसे बेहतर रहा है जिसके लिए जिले के कलेक्टर का मार्गदर्शन दिशा निर्देश छात्रों के हित उनकी पढ़ाई के लिए समुचित व्यवस्था के साथ-साथ पूरा जिला प्रशासन शैक्षणिक कार्यक्रमों की निगरानी निरंतर शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन में समस्त विभागों की महिती भूमिका रही जिसका परिणाम जिले के छात्राओं ने प्रदेश में जिले को प्रथम स्थान दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि-अतिथियों शिक्षकों ने बच्चों को सफल होने पर बधाई शुभकामनाएं प्रदान करते हुए आगे भी निरंतर पढ़ाई करने और कड़ी मेहनत कर सफल होने की बात कही, स्कूल में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया गया साथ ही सभी छात्रों को मिष्ठान खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं आशीष दिया गया।

## खबर संक्षेप



### पोषण पखवाड़े में बच्चों के विकास पर फोकस

उमरिया। महिला एवं बाल विकास परियोजना उमरिया-2 के अंतर्गत सेक्टर करकेली में पोषण पखवाड़ा के अवसर पर "मां-शिशु संवाद, खेल द्वारा सीखने की प्रक्रिया एवं कहानी आधारित भाषा विकास" विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य अभिभावकों को 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के समग्र विकास के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों के मस्तिष्क का लगभग 90 प्रतिशत विकास हो जाता है, ऐसे में इस उम्र में संवाद, खेल और कहानी जैसी गतिविधियां बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।इस दौरान बच्चों के साथ कहानी सुनाने-सुनने, फ्लैशकार्ड के उपयोग, संवादात्मक खेल और भाषा विकास से जुड़ी गतिविधियां कराई गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में बोलने, सुनने और समझने की क्षमता को विकसित करने पर जोर दिया गया।कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों को सलाह दी गई कि वे घर पर भी बच्चों के साथ नियमित संवाद करें, उन्हें कहानियां सुनाएं, सवाल पूछने के लिए प्रेरित करें और बच्चों को अपनी बात व्यक्त करने का अवसर दें। इससे बच्चों का आत्मविश्वास और भाषा कौशल दोनों विकसित होंगे।इस अवसर पर परियोजना अधिकारी अंजू सिंह पोर्ते, सुपरवाइजर आशा सिंह, रॉकेट लर्निंग के मिशन नींव की जिला समन्वयक आराधना मिश्रा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### लोक अदालत में 9 मई को मिलेगा निपटारे का मौका

उमरिया। जिले के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए लंबित प्रकरणों के समाधान का सुनहरा अवसर आने वाला है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड उमरिया वृत्त अंतर्गत 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में बिजली से जुड़े मामलों के निराकरण के लिए विशेष छूट योजना लागू की गई है।ऊर्जा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित इस लोक अदालत में विद्युत चोरी एवं अनाधिकृत उपयोग से संबंधित प्रकरणों में उपभोक्ताओं को निर्धारित शर्तों के तहत आंकलित सिविल दायित्व राशि पर छूट प्रदान की जाएगी। यह लाभ केवल उन उपभोक्ताओं को मिलेगा, जिनका यह पहला प्रकरण है।योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को अपने नाम से लंबित सभी बिजली बिलों का भुगतान करना होगा। साथ ही जिनके पास विधिवत कनेक्शन नहीं है, उन्हें पहले वैध कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा।अधिकारियों के अनुसार, यह छूट अधिकतम 10 लाख रुपए तक के प्रकरणों पर लागू होगी और इसका लाभ केवल लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर ही लिया जा सकेगा। इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत देना और विवादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है।अधीक्षण अभियंता योगेश कुमार उइके ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में पहुंचकर इस योजना का लाभ उठाएं और अपने प्रकरणों का समय पर समाधान कर भविष्य की कानूनी परेशानियों से बचें।

### 26 अप्रैल की परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम तैयार

उमरिया। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को जिले में आयोजित की जाएगी। परीक्षा को सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक संचालित होगी।डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 25 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07653-22288 निर्धारित किया गया है, जिस पर परीक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।कंट्रोल रूम में राकेश मिश्रा वर्ग-03 एवं पुरुषोत्तम बैगा भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा की गोपनीय सामग्री कोषालय उमरिया में जमा कराने के पश्चात मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर को सूचना देकर ही कंट्रोल रूम बंद किया जाएगा।जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को परीक्षा कार्य को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष के दौरे से कांग्रेस में नयी ऊर्जा का संचार

# पाली ब्लाक अध्यक्ष ने किया अभूतपूर्व स्वागत









बिरसिंहपुर पाली

विंध्य धरा के लाडले सपूत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया इन दिनों विंध्य क्षेत्र के दौरा में गाँव गाँव घर घर जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। आप कटनी जिले से अपना दौरा शुरू कर मध्यप्रदेश के पूर्वी छोर के अंतिम छोर नर्मदा के उदगम स्थली अमरकंटक के गाँवों तक चलने, अपने कार्यकर्ताओं से मिलने और कांग्रेस में नयी जान फूंकने का काम कर रहे हैं। इस दौरान बीते दिन ढलती शाम आप उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली नगर पहुंचे, जहाँ पर ब्लाक कांग्रेस के ऊर्जा वान युवा नेता रवि मिश्रा के नेतृत्व में हजारों काग्रेस जन उपस्थित होकर नगर के प्रवेश व्दार पर अपने नेता का भव्य स्वागत किया गया। एक पल के लिए पाली नगरी काग्रेस मय हो गयी। जहाँ पर कार्यकर्ताओं ने बैण्ड बाजो, और पटाखों की गडगडाहट के साथ अभिनंदन करते हुए बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया । जहाँ से बाइक रैली के शक्ल में नेता प्रतिपक्ष का जन सैलाब नगर की गलियों से होते हुए बिरासनी मंदिर पहुँच कर जगत जननी जगदंबा मैया बिरासनी की विधि वत पूजा आराधना कर जगत कल्याण की मन्नत मांगी। बिरासनी दरबार से नगर का भम्रण करते हुए अपने काफिले के साथ रवि मिश्रा सुपुत्र के के मिश्रा के घर पहुच कर के के मिश्रा जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनका स्मरण किया। आप के के मिश्रा के युवक कांग्रेस के समय से जुड़े हुए नेता है, जिस वजह से नेता प्रतिपक्ष जी का उनसे आत्मीय लगाव था, जो एक बार उन्हें यहाँ खींच ले आयी।वैसे भी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा ने जबसे इस दायित्व को सम्हाला है, कांग्रेस में एक नयी ऊर्जा का संचार हुआ है, जिस कारण से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं तक यह भरोसा बना हुआ है कि रवि मिश्रा जी का काम चाहे संगठन के तौर पर हो या व्यक्तिगत रूप से वह सम्मान मिल ही जायेगा, जिसका वह अधिकारी हैं । विदित होवे की कांग्रेस में जबसे रवि मिश्रा ने कमान सम्हाली है, तब से वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का सम्मान पूंछ परख बढी है जिससे कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी इसकी तस्दीक करती है, वही युवाओं का साथ ही रवि मिश्रा की ताकत बनी हुई है, जिस वजह से उनके साथ हरदम सैकड़ों युवाओं का दम सदा बना रहता है। बीते शाम का कार्यक्रम एक औपचारिक ही था, जिस पर हजारों काग्रेस जन उपस्थित होकर एक बार काग्रेस के पुर्नजीवित की ओर इशारा करती है।इस अवसर पर काग्रेस के हजारों की तादाद में लोग एकत्रित होकर अपने नेता से मिलने पहुंची ।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल जी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जानकी मिश्रा जी , इंटक श्रमिक संगठन के वरिष्ठ नेता प्रीतम पाठक जी पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय जी राम नारायण पांडे जी कृष्णकांत अवधिया जी, इंद्र नारायण मलिक जी रामकुमार तिवारी जी मनीष सिंह बडकरे जी संतोष शुक्ला जी रामबिहारी उपाध्याय जी रमेश सिंह जी दादूराम विश्वकर्मा,जी रामसिंह जी आनंद मिश्रा जी बब्लू शर्मा जी गौरव अग्रवाल जी विकाश सोनी जी उमेश यादव जी विजय यादव जी शीनू राव जी सुरेश पनिका जी मकसूद खान प्रदीप तिवारी जी शिवा नायक रोहन जैयसवाल अरूण सिंह दीपक नायक, सिया बाई कोल जी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष उषा कोल जी , मुन्नी बाई नामदेव जी ,रामजी रौतेल, बलराम प्रजापति,दिलीप त्रिपाठी, विक्की दहिया भोला साहू, लक्ष्मण कुशवाहा जी राजेश कोल जी ,बंटी वर्मा,सनू उपाध्याय, हर्ष अवधिया जी साजिद वारशी दादू प्रजापति जी नितेश शुक्ला जी राकेश शुक्ला , रमेश दाहिया दिलीप महोबिया,अंकित मिश्रा , रजनीश तिवारी,अनिल यादव, रवि प्रजापति, सुनील साहू , चंद्रभान सिंह साजिद वारसी, जावेद खान, बाबू सिंह गौरव अग्रवाल, जावेद खान जी रुकेश बारी जी सुमित सेन एवं अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे

# फरार हुआ शातिर आरोपी 'जग्गा' चढ़ा पुलिस के हत्थे



बुढ़ार।

थाना पुलिस ने सफलता अर्जित करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे चाकूबाजी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी ने होली के दिन आपसी विवाद में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया था, जिसके बाद से वह पुलिस की पकड़ से बाहर था।

### क्या है पूरा मामला?

नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार ने बताया कि होली के त्योंहार के दिन आरोपी अजीत उर्फ जग्गा बैरागी (पिता हरिदास बैरागी,उम्र 30 वर्ष, निवासी रीजनल कॉलोनी बुढ़ार) का फरियादी के साथ आपसी विवाद हो गया था। इस विवाद के दौरान आरोपी ने तैश में आकर फरियादी पर चाकू से हमला कर दिया था, जिससे उसे गंभीर चोटें आई थीं।

फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की थी। घटना के बाद से ही आरोपी अजीत उर्फ जग्गा लगातार फरार चल रहा था और अपनी पहचान छिपाकर पुलिस को चकमा दे रहा था।

### ऐसे हुई गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव के निर्देशन में फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहें विशेष अभियान के तहत, बुढ़ार पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। मुखबिर तंत्र और तकनीकी सहायता के आधार पर दिनांक 21.04.2026 को पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिवत प्रक्रिया पूरी कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।इस चुनौतीपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी बुढ़ार, निरीक्षक विनय सिंह गहरवार के नेतृत्व में गठित टीम का विशेष योगदान रहाः जिसमें उप-निरीक्षक गोविंद भगत,आरक्षक जोतिंद्र सिंह, आरक्षक गोपाल सिंह,आरक्षक शिवशंकर सिंह का सराहनीय योगदान रहा। शहडोल पुलिस की अपीलः कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने में दें।

## सामूहिक कन्यादान महायज्ञ में 11 कन्याओं का वैदिक विवाह

### अक्षय तृतीया पर संतों के सानिध्य में सामाजिक समरसता और सेवा का संदेश

धनपुरी।



भारतीय संस्कृति, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शोभा टाह फाउंडेशन के तत्वावधान में सामूहिक कन्यादान महायज्ञ का भव्य आयोजन अग्रसेन भवन, मध्य नगरी चौक में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर 11 कन्याओं का वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूर्ण विधि-विधान के साथ विवाह कराया गया।कार्यक्रम में प्रयागराज के पूज्य स्वामी बृजेशानंद महाराज एवं गोदड़ी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी के पावन सानिध्य में आयोजन सम्पन्न हुआ। साथ ही केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, महापौर पूजा विधानी, जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान सहित अनेक जनप्रतिनिधि, उद्योगपति एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।सामूहिक विवाह में नवविवाहित जोड़ों को मंगलसूत्र, नगद राशि एवं गृहस्थी का संपूर्ण सामान जैसे पलंग, अलमारी, टीवी, कूलर व रसोई सामग्री भेंट की गई, जिससे जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली और आयोजन भावनात्मक रूप से अत्यंत प्रेरणादायी रहा।अपने आशीर्वचनों में संतों ने कन्यादान को भारतीय संस्कृति का सर्वोच्च दान बताते हुए इसे समाज में समता, सहयोग और सद्भाव बढ़ाने वाला बताया। महंत अम्मा मीरा देवी ने कहा कि बेटी ईश्वर का वरदान है और ऐसे आयोजन नारी सम्मान को सुदृढ़ करते हैं।कार्यक्रम के दौरान जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने सामाजिक न्याय और बेटियों के सम्मान पर जोर देते हुए अपनी स्वरचित ग़ज़ल प्रस्तुत की, जिससे समारोह में विशेष ऊर्जा का संचार हुआ।फाउंडेशन के संस्थापक अनिल टाह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल विवाह कराना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और हर बेटी को सम्मानपूर्वक जीवन देने में सहयोग करना है।इस अवसर पर विधायक धरमलाल कौशिक, संजय दुबे, प्रवीण झा सहित अन्य वक्ताओं ने भी बेटियों के सम्मान को समाज की प्रगति का आधार बताया। कार्यक्रम में समाज सेवा, पर्यावरण एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में योगदान के लिए कई लोगों को "छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान" से सम्मानित किया गया।समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन भुवन वर्मा ने किया।अंत में यह आयोजन सेवा, समर्पण, समानता और सामाजिक एकता का सशक्त संदेश देकर समाज में एक अमिट छाप छोड़ गया।

# धनपुरी में अव्यवस्था का बोलबाला: आजाद चौक बना हादसों का अड्डा





### विपक्ष निष्क्रिय, रॉयल्टी से समृद्ध नगर, फिर भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही जनता, जागरूक वार्डवासियों ने खोली व्यवस्थाओं की पोल

धनपुरी।

शहडोल संभाग का धनपुरी नगर, जिसे "काले हीरे की नगरी" के नाम से जाना जाता है, आज बुनियादी सुविधाओं की कमी और अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। कोयला उद्योग से भारी रॉयल्टी मिलने के बावजूद नगर में सड़क, पानी, बिजली, स्वच्छता और यातायात जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं चरमराई हुई हैं।नगर का हृदय स्थल आजाद चौक अव्यवस्था का केंद्र बन चुका है। नालियों पर अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और संकरी सड़कों के कारण आए दिन विवाद और दुर्घटनाएं हो रही हैं। पूर्व में बनाई गई व्यवस्थाएं अब पूरी तरह ध्वस्त नजर आ रही हैं।जागरूक वार्डवासियों की प्रतिक्रियाजागरूक वार्डवासियों का कहना है कि "नगर में समस्याएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी गंभीर नहीं दिख रहे। आजाद चौक की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि हर दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। नालियों पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग ने आमजन का चलना तक मुश्किल कर दिया है।"उन्होंने आगे कहा कि "सिर्फ दिखावे की कार्रवाई से काम नहीं चलेगा, जमीनी स्तर पर सख्त कदम उठाने होंगे। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो जनता आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।"विपक्ष की भूमिका पर उठे सवाललोकतंत्र में विपक्ष को जनता की आवाज माना जाता है, लेकिन धनपुरी में यह भूमिका कहीं नजर नहीं आ रही। नगर की ज्वलंत समस्याओं—गड्ढों से भरी सड़कें, दूषित पेयजल, खराब स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था—पर विपक्ष की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही।जागरूक नागरिकों का आरोप है कि विपक्ष केवल नाम मात्र का रह गया है। न तो कोई प्रभावी विरोध, न ही प्रशासन पर दबाव—ऐसे में जनता खुद को असहाय महसूस कर रही है।प्रशासन और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारीनगर पालिका परिषद और पुलिस विभाग यदि संयुक्त रूप से कार्रवाई करें और विपक्ष भी सक्रिय भूमिका निभाए, तो समस्याओं का समाधान जल्द संभव है। अतिक्रमण हटाने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाना समय की मांग है।निष्कर्ष धनपुरी की जनता अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि परिणाम चाहती है। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनआक्रोश आंदोलन का रूप ले सकता है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और निष्क्रिय विपक्ष दोनों पर होगी।



## गर्मी बढ़ी, पानी पर फोकस: कलेक्टर ने सुदृढ़ व्यवस्था के दिए निर्देश

### समीक्षा बैठकः 292 नल-जल योजनाओं पर नजर, दूषित पानी पर तुरंत सुधार के निर्देश

उमरिया।

जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बुधवार को समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी गांव या वार्ड में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए।बैठक में बताया गया कि जनपद पंचायत करकेली के 19 और मानपुर के 6 गांवों में टैंकरों से पानी पहुंचाया जाएगा। पाली जनपद के घुनघुटी (गांधी ग्राम) और तुम्मीछोट के कन्या टोला व टिकुरी टोला में अभी पानी उपलब्ध है, लेकिन 15 मई के बाद जरूरत पड़ने पर यहां भी टैंकर शुरू किए जाएंगे।कलेक्टर ने एसडीएम, पीएचई और जनपद अधिकारियों को संयुक्त रूप से गांवों का दौरा कर नल-जल योजनाओं की जमीनी स्थिति जांचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन कनेक्शन और अधूरे कार्यों को तुरंत पूरा किया जाए, ताकि गर्मी में परेशानी न बढ़े।मानपुर के वार्ड 05 और 06 में दूषित पानी की शिकायत पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और सीएमओ को तुरंत टैंकर से साफ पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही जल निगम के कामों का सत्यापन करने के बाद ही पंचायतों को हैंडओवर करने को कहा गया।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग को स्वीकृत नलकूपों की लोकेशन तय कर जल्द खनन शुरू करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मानपुर जल परियोजना को समय सीमा में पूरा करने और आकाशकोट परियोजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए काम तेज करने को कहा।बैठक में बताया गया कि जिले में 292 नल-जल योजनाएं संचालित हैं। कलेक्टर ने इनके नियमित संचालन की मॉनिटरिंग करने और जरूरत पड़ने पर निजी जल स्त्रोतों के अधिग्रहण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बैठक में अपर कलेक्टर पी.के. सेनगुप्ता, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, अमित सिंह, एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जनगणना प्रशिक्षण का समापन, प्रगणकों ने ली गोपनीयता व निष्ठा की शपथ

### मानपुर में अंतिम दिवस पर दिलाई गई जिम्मेदारी निभाने की प्रतिबद्धता

उमरिया।

जिले के मानपुर विकासखंड में जनगणना 2026 के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस प्रगणकों को सक्रिय सहभागिता, ईमानदारी और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम में प्रगणकों ने शपथ लेते हुए कहा कि वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। वे प्रत्येक घर तक पहुंचकर सभी नागरिकों से विनम्रता और सम्मान के साथ जानकारी एकत्र करेंगे तथा बिना किसी भेदभाव के हर उत्तर को सटीक रूप से दर्ज करेंगे।शपथ में यह भी संकल्प लिया गया कि कोई भी घर गिनती से छूटे नहीं, इसके लिए आवश्यक होने पर पुनः भ्रमण किया जाएगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एकत्र की गई सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रहें और उनका उपयोग केवल जनगणना कार्य के लिए ही किया जाए।अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के दौरान जुटाया गया आंकड़ा भविष्य की नीतियों और योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी और सेवा भावना के साथ करना आवश्यक है।कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रगणकों ने अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाने का संकल्प लिया और जनगणना कार्य को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।



## खबर संक्षेप



### स्कूटी में हुआ ब्लास्ट घर का सामान जलकर हुआ खाक

अनूपपुर। दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहन में अचानक हुए ब्लास्ट से घर में रखा सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। यह हादसा उस समय घटित हुआ जिस दौरान घर में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। आंगन में खड़ी एक इलेक्ट्रिक बैटरी कंपनी की स्कूटी में हुए ब्लास्ट के चलते घर के कई इलेक्ट्रिक समान आगजनि का शिकार हो गए। घर वालो की माने तो गाड़ी बिना चार्जिंग के खड़ी हुई थी बावजूद के गाड़ी की बैटरी में धमाका हुआ इसके बाद घर के कई सामान जल गए। फिलहाल वाहन मालिक में आगजनी की शिकायत थाने में कर दी है। जैतहरी जनपद के ग्राम पंचायत धनगवा के वार्ड नंबर 5 निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा को जरूरी काम से घर से बाहर गए हुए थे उनके घर के आंगन में एक स्कूटी की बैटरी में ब्लास्ट हो गया। गाड़ी में हुए धमाके के चलते घर के कई इलेक्ट्रिक सामान बुरी तरह झुलस गए हैं जिसमें फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन व टेबल फैन बताया जा रहे हैं जिस समय बैटरी वाली गाड़ी में धमाका हुआ। उस समय घर में कोई भी मौजूद नहीं था राजेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि गाड़ी की बैटरी में ब्लास्ट होने के चलते घर का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया है। हैरानी इस बात की है की गाड़ी बिना चार्जिंग के खड़ी हुई थी। वाहन मालिक ने इस आगजनी की जानकारी जैतहरी थाने में दी है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत



भालूमाड़ा। नगर में 21 अप्रैल की रात युवक द्वारा जहर खाने से उसकी बिगड़ी तबीयत और इलाज के दौरान मौत हो जाने से नगर के लोग स्तब्ध हैं वही जिस घर में शादी की खुशियां थी वहां अब मातम पसरा है। मन को दुखित करने वाली यह घटना नगर के वार्ड क्रमांक 11 दफाई नंबर 3 की है जिसमें पता चला कि 21 अप्रैल की रात लगभग 11:00 बजे विजय कुमार कोरी पिता स्वर्गीय धर्मराज कोरी उम्र 45 वर्ष को नाजुक हालत में कॉलरी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर पता चला कि उसने कोई जहरीला पदार्थ खाया है डॉक्टर ने अपनी ओर से बचाने का भर्षक प्रयास किया और उनसे जो बन पड़ा इलाज भी किया लेकिन मरीज की हालत अत्यंत खराब होती जा रही थी जिसके चलते तत्काल मरीज को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया और बताया जाता है कि मरीज को ले जाते समय अनूपपुर से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। इस दुखद घटना से नगर वार्ड परिवार के लोग सकते में आ गए बताया गया कि मृतक के छोटे भाई की शादी 20 अप्रैल को थी 21 अप्रैल को बहू को लेकर वापस घर आए थे घर में शादी की खुशियां थी आस पड़ोस नात रिश्तेदार सभी लोग मौजूद थे इस बीच पता नहीं क्या हुआ शाम लगभग 10:30 बजे पता चला कि विजय ने कुछ खा लिया है जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई है और पास पड़ोस के लोगों ने तुरंत अस्पताल लेकर आए वहीं लोगों से पता चला है कि मृतक ने सल्फास खाने की बात कही थी और डॉक्टर के पूछने पर भी यही बताया गया कि सल्फास खाया है लेकिन मृतक ने ऐसा क्यों किया यह पता नहीं चल पाया है हालांकि इस घटना से पूरे नगर में शोक है मृतक का 6-7 साल का एक बेटा भी है।

### 3 केंद्रों पर 26 अप्रैल को आयोजित होगी राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा

अनूपपुर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 आगामी 26 अप्रैल को जिले के 03 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो सत्रों में संपन्न होगी। प्रथम सत्र प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक एवं द्वितीय सत्र दोपहर 02:15 बजे से शाम 04:15 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा में जिले के कुल 1178 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय पर 03 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर (केंद्र क्रमांक 48/1), शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चेतना नगर, अनूपपुर (केंद्र क्रमांक 48/2) एवं शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (केंद्र क्रमांक 48/3) शामिल हैं। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए आयोग द्वारा इस वर्ष बायोमेट्रिक पहचान अनिवार्य की गई है। इस प्रक्रिया और गहन तलाशी (फिस्किंग) में लगने वाले समय को देखते हुए, समस्त परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है।

## वन विभाग की घोर लापरवाही से जला औषधीय वन

# 27,500 पौधे राख, जिम्मेदार कौन?








**अनूपपुर जिले के अमरकंटक वन परिक्षेत्र में वन विभाग की भारी लापरवाही का शर्मनाक उदाहरण सामने आया है। 50 हेक्टेयर में फैला औषधीय वन भीषण आग में जलकर पूरी तरह खाक हो गया, जिसमें 2021-22 में लगाए गए करीब 27,500 पौधे नष्ट हो गए। हैरानी की बात यह है कि विभाग को आग लगने की समय पर जानकारी तक नहीं लगी। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी क्या कर रहे थे, जब पूरा जंगल जल रहा था।**

हरिभूमि न्युज अनूपपुर/अमरकंटक।

आयुष वन योजना के तहत तैयार किया गया यह औषधीय वन क्षेत्र कभी हरियाली और औषधीय महत्व के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यह क्षेत्र केवल राख और जली हुई जमीन में तब्दील हो चुका है। मौके पर मौजूद चौकीदार के बयान ने वन विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खोल दी है। चौकीदार के अनुसार, उसे लगातार अन्य जगहों पर आग बुझाने भेज दिया जाता था, जिससे इस क्षेत्र की देखरेख पूरी तरह नजरअंदाज होती रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि पौधारोपण के बाद से अब तक न तो इन पौधों में खाद डाली गई और न ही किसी प्रकार की दवाइयों का उपयोग किया गया। इसके अलावा, पिछले एक साल से क्षेत्र में फैले सूखे झाड़-झंखाड़ और घास की सफाई भी नहीं कराई गई, जिसने आग को भड़काने में अहम भूमिका निभाई है। यह घटना साफ तौर पर दिखाती है कि वन विभाग केवल कागजों में योजनाएं चलाने में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बदतर हैं। अब देखना यह है कि इस भारी नुकसान के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाता है।

### चौकीदार का खुलासा, जमीनी सच्चाई आई सामने

मौके पर तैनात चौकीदार ने जो बयान दिया है, वह वन विभाग के दावों की सच्चाई उजागर करता है। उसका कहना है कि उसे अक्सर अन्य जगहों पर आग बुझाने के लिए भेज दिया जाता था, जिससे इस औषधीय वन की निगरानी पूरी तरह प्रभावित होती रही। यानी जिस व्यक्ति को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई, उसे ही वहां से हटा दिया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इस क्षेत्र की जिम्मेदारी किसके भरोसे छोड़ी गई थी। चौकीदार के बयान ने विभाग की लापरवाही को खुलकर सामने ला दिया है।

### न खाद, न दवाई: पौधों को यूं ही मरने के लिए छोड़ा

औषधीय पौधों के संरक्षण और विकास के लिए नियमित देखभाल बेहद जरूरी होती है, लेकिन यहां तो हालात बिल्कुल उलट रहे। चौकीदार के अनुसार, 2021-22 में पौधारोपण के बाद से अब तक इन पौधों में न तो खाद डाली गई और न ही किसी प्रकार की कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया गया। इससे पौधे पहले से ही कमजोर हो चुके थे। विभाग ने केवल पौधे लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली और बाद की देखभाल पूरी तरह नजरअंदाज कर दी, जिसका नतीजा आज सामने है।

### एक साल से नहीं हुई सफाई, आग को मिला खुला ईंधन

वन क्षेत्र में आग फैलने का सबसे बड़ा कारण सूखी घास और झाड़-झंखाड़ होता है, जिसे समय-समय पर हटाना बेहद जरूरी है। लेकिन यहां पिछले एक साल से सफाई नहीं कराई गई। नतीजा यह हुआ कि पूरे क्षेत्र में सूखा कचरा जमा हो गया, जिसने आग को तेजी से फैलने में मदद की। यदि समय रहते सफाई की गई होती, तो आग इतनी विकराल नहीं होती। यह सीधी-सीधी लापरवाही है, जिसने पूरे औषधीय वन को तबाह कर दिया।

### करोड़ों की योजना, जमीनी हकीकत शून्य

आयुष वन योजना के तहत इस क्षेत्र में हजारों पौधे लगाए गए थे, जिस पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए गए। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि विभाग ने केवल कागजों में काम दिखाया और असल में देखभाल नहीं की। यह घटना बताती है कि सरकारी योजनाएं किस तरह केवल औपचारिकता बनकर रह जाती हैं। जब निगरानी और रखरखाव ही नहीं होगा, तो ऐसी योजनाओं का क्या फायदा? यह जनता के पैसे और संसाधनों की खुली बर्बादी का उदाहरण है।

### कब होगी जिम्मेदारी तय? जवाबदेही से भागता विभाग

इतनी बड़ी घटना के बाद भी वन विभाग की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं आया है। न ही अब तक किसी अधिकारी की जिम्मेदारी तय की गई है। सवाल यह है कि जब 50 हेक्टेयर का वन जल रहा था, तब विभाग कहां था? क्या सिर्फ जांच के नाम पर मामला दबा दिया जाएगा या वास्तव में दोषियों पर कार्यवाही होगी? यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में भी ऐसी घटनाएं दोहराई जाएंगी। अब जरूरत है जवाबदेही तय करने और कड़ी कार्यवाही की।



## हर्री में खेतों में आग का कहर

# सैकड़ों गेहूं की पूलियां जलकर राख, देर से पहुंची फायर ब्रिगेड

हरिभूमि न्युज अनूपपुर।

ग्राम पंचायत हर्री में बुधवार को अज्ञात लोगों द्वारा लगाई गई आग ने विकराल रूप धारण कर कई किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आग इतनी तेजी से फैली कि खेतों में रखी गेहूं की फसल देखते ही देखते जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसान अनुज राठौर के लगभग 1 से 1.5 एकड़ खेत में रखी 100 से 200 गेहूं की पूलियां पूरी तरह जल गईं। वहीं सीताराम राठौर के करीब 1 एकड़ खेत में रखी लगभग 100 पूलियां भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो गईं। इस घटना से दोनों किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ फसल का नुकसान नहीं, बल्कि किसानों की चार महीने की मेहनत, खून-पसीना और सालभर के राशन का नुकसान है। घटना के दौरान कई बार डायल 112 और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन समय पर मदद नहीं पहुंचने से आग और भड़क गई, जिससे नुकसान और बढ़ गया। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए तत्काल कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। किसानों ने पटवारी और तहसीलदार से मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने और उचित मुआवजा दिलाने की अपील की है।

## त्रिकोणीय प्रेम संबधों के कारण पति द्वारा अपने साथियों के साथ की गई पत्नी की हत्या

# वेंकटनगर पुलिस चौकी द्वारा किया गया अंधी हत्या का खुलासा

हरिभूमि न्युज अनूपपुर।



15 अप्रैल को शैलेष कुमार महरा पिता प्रेमलाल महरा उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सिंघौरा थाना जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.) द्वारा 14 अप्रैल को सुबह करीब 08.30 बजे अपनी पत्नी गुडिया महरा के रेल्वे स्टेशन निगौरा से गुमने संबधी रिपोर्ट चौकी वेंकटनगर मे लेख कराया था उक्त रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रं. 34/2026 कायम कर जाँच मे लिया गया। दौरान गुम इंसान जांच 18 अप्रैल को जंगल बीट क्र. 313 उमरिया बीट के चौकीदार द्वारा सूचना दी गई कि जंगल बीट क्र. 313 सिध्दबाबा मंदिर की पहाडी के पीछे पहाडी के नीचे कोसम के पेड़ की डगाली मे एक महिला फांसी लगी मृत अवस्था में लटकी हुई है सूचनाकर्ता की रिपोर्ट पर मर्ग क्र. 24/2026 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच में लिया गया जाकर मौके पर पुलिस द्वारा पहुंचकर कोसम के पेड़ में लटके हुऐ मृतिका के शव की शिनाख्त गुड़यिा बाई महरा के रूप में की गई बाद शव का पंचनामा कार्यवाही कर मृतिका के शव का पीएम कराया गया। जो पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर टीम द्वारा मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक होना बताया गया। जो थाना जैतहरी मे अप.क्र.153/2026 धारा 103(1) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान मृतिका के परिजनो से पूछताछ की गई जो यह तथ्य सामने आया कि मृतिका को अंतिम बार शैलेष महरा एवं उसकी नाबालिक प्रेमिका के साथ देखा गया था जो मृतिका गुडिया महरा के पति शैलेष महरा को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई जिसने बताया कि अपने नाबालिक प्रेमिका के प्रेम संबधो के कारण 14 अप्रैल को सुबह करीब 09 बजे अपनी नाबालिक प्रेमिका एवं ग्राम सिघौरा निवासी अपने नाबालिक साथी के साथ मिलकर गुडिया महरा के दुपट्टे से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी और घटना को आत्म हत्या दर्शाने के लिये तीनो ने मिलकर गुडिया महरा के शव को कोसम के पेड की डाली पर फांसी के फंदे पर लटका दिया। मामले मे मुख्य आरोपी शैलेष कुमार महरा पिता प्रेमलाल महरा उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सिंघौरा थाना जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.) को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय अनूपपुर पेश किया जाकर आरोपी का पुलिस रिमांड लिया जाकर घटना के संबध मे विस्त्रत पूछताछ की जा रही है एवं अपचारी बालिका उम्र 16 वर्ष 11 माह निवासी चोरभठी एवं अपचारी बालक उम्र 17 वर्ष 11 माह निवासी ग्राम सिंघौरा को अभिरक्षा मे लेकर बाल न्यायालय अनूपपुर मे पेश किया गया जो न्यायालय के आदेशानुसार अपचारी बालिका को सम्प्रेक्षण गृह शहडोल एवं अपचारी बालक को सम्प्रेक्षण गृह रीवा दाखिल कराया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, अति.पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम के निर्देशन एवं थाना प्रभारी जैतहरी अमर वर्मा के नेतृत्व मे उक्त अंधी हत्या का खुलासा करने मे चौकी प्रभारी वेंकटनगर उपनिरी.प्रवीण कुमार साहू, सउनि सुरेश अहिरवार, प्रआर. सुजीत सिंह, आर. विजय टाटू, सोनू परते एवं म.आर मंजू भट्ट एवं सायबर सेल प्रभारी प्र आर.राजेन्द्र अहिरवार, आर. पंकज मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

# राजेंद्रग्राम में धूमधाम से मनाया गया भगवान भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्युज राजेंद्रग्राम।

20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर सर्व ब्राह्मण समाज पुष्पराजगढ़ द्वारा भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव राजेंद्रग्राम के हनुमान मंदिर प्रांगण में धूमधाम के साथ मनाया गया अक्षय तृतीया पर जन्मोत्सव कार्यक्रम में सुबह 9:00 बजे सुंदरकांड पाठ, 11:00 बजे भगवान श्री परशुराम जी की पूजा आरती, दोपहर 12:00 बजे विद्वान विप्रजनो के विचार उद्बोधन एवं विप्रजनों अतिथियों का श्रीफल साल देकर सम्मानित किया गया। दोपहर 1:00 बजे से महाप्रसाद भंडारा एवं प्रसाद का वितरण किया गया। भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर बाबा हनुमान दास जी महाराज, पंडित नर्मदा महाराज, एवं विधायक फुंदेलाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष ,हीरा सिंह श्याम, जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह, संतोष बाजपेई, सतीश तिवारी, उमाकांत मिश्रा तथा अन्य विप्रजनो का श्रीफल गमछा देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए विधायक फुंदेलाल सिंह ने विप्र जनों का सम्मान करते हुए कहां की आज का परिवेश बहुत बदला हुआ है समाज जाति वर्ग के आधार पर विघटन की ओर बढ़ रहा है ऐसे में ब्राह्मण समाज को आगे आने की आवश्यकता है वह आगे आए सभी समाज का नेतृत्व करें पूर्व में भी ब्राह्मण समाज हर वर्ग समाज के लिए आगे बढ़कर समाज को दिशा देने का कार्य करता आ रहा है। इस अवसर पर संतोष बाजपेई ने कहा कि ब्राह्मण समाज बुद्धिजीवी वर्ग से आता है जब राजा महाराजाओं का जमाना था तब भी पुरोहित मंत्री के रूप में ब्राह्मण समाज अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किये है। लेकिन आज समाज कुछ भटका हुआ नजर आ रहा है आवश्यकता है समाज को एकजुट होकर समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों के साथ लेकर आगे बढ़ने की। समाज के सचेतक के रूप में कार्य करने की। कार्यक्रम का संचालन बीईओ सतीश तिवारी ने समाज के उत्थान के लिए और समाज को आगे बढ़कर अपने दायित्व का निर्वहन करने की बात कही। तथा कार्यक्रम का संचालन किये। भगवान श्री परशुराम की पूजा अर्चना के पश्चात विप्र समाज द्वारा प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी विप्र जनों एवं अतिथियों ग्राम वासियों आम जनो ने प्रसाद ग्रहण किया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंडित नर्मदा महाराज, बाबा हनुमान दास जी, विधायक फुन्देलाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह, जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह, क्षेत्र संयोजक संतोष बाजपेई, बीईओ सतीश तिवारी, एडवोकेट संतोष मिश्रा, रमेश तिवारी, उमाशंकर मिश्रा, संतोष पांडे, नरेश मिश्रा, सीलवंत तिवारी, पुष्पेंद्र पांडे, प्रकाश द्विवेदी, शिवानंद पांडे, उमेश पाठक, रघुवंश दुबे का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मात्र शक्तियां भी उपस्थित रही। नवयुवक ब्राह्मण समाज में अमन त्रिवेदी, आकाश दीप मिश्रा, अभिषेक पांडे, ऋषि मिश्र, आकाश त्रिवेदी, अभय मिश्रा, शिवम मिश्रा, सत्यदीप मिश्रा सम्मिलित रहे।



# जनगणना एक महत्वपूर्ण संवैधानिक जिम्मेदारी-कलेक्टर 1 मई से 30 मई तक चलेगा जनगणना का प्रथम चरण

### कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश

हरिभूमि न्युज अनूपपुर।

जिले में आगामी 1 मई से प्रारंभ होने वाले जनगणना कार्य की तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी हर्षल पंचोली द्वारा आज कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण संवैधानिक जिम्मेदारी है, जिसके सफल और सटीक संपादन के लिए जिले का प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कलेक्टर श्री पंचोली ने बैठक में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, उनके प्रशिक्षण मॉड्यूल और फील्ड वर्क के लिए आवश्यक सामग्री के वितरण की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 30 अप्रैल तक सभी स्तरों का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना का कार्य राष्ट्र के भविष्य की योजनाओं का आधार होता है, इसलिए डेटा संकलन में शत-प्रतिशत शुद्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में आगामी 'जनगणना-2027' के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण और आवास गणना' की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने आवंटित क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारियों को स्वयं फील्ड में उतरकर कार्य की गुणवत्ता की निगरानी करनी होगी ताकि कार्य पूरी तरह से शासन के दिशानिर्देशों के अनुसार संपन्न हो सके। वर्तमान में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चल रहे 'स्व-गणना' अभियान पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने प्रगणकों को निर्देशित किया कि वे नागरिकों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं जानकारी भरने हेतु प्रोत्साहित करें। इससे डेटा संकलन की प्रक्रिया अधिक सुगम और त्रुटिहीन होगी। बैठक में जनगणना निदेशालय भोपाल के सांख्यिकी अधिकारी महेन्द्र यादव ने चार्ज अधिकारियों द्वारा पूछे गए जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न तकनीकी प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने जनगणना की बारीकियों और डेटा संकलन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। बैठक में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी तहसीलदार अनूपपुर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित जिले के चार्ज अधिकारी एवं जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना दल को सही और सटीक जानकारी देकर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।